आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 85 • कटनी • गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख मास कृष्ण पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in




## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों पर फेंके टमाटर

### गार्ड्स की धक्कामुक्की से गुस्साई थी भीड़, पहले भी अंडा फेंका गया और थप्पड़ पड़ा था

पेरिस। फ्रांस में चुनाव जीतने के बाद सार्वजनिक तौर पर घूमने निकले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों एक अजीब स्थिति में फंस गए। दरअसल, राष्ट्रपति मैक्रों जब एक पेरिस के एक लोकल मार्केट में पहुंचे लोग ने उन्हें घेरना शुरू कर दिया। मैक्रों के गार्ड्स ने भीड़ को रोकने के लिए लोगों को धक्का देकर दूर करने की कोशिश की। इससे नाराज लोग हाथापाई पर उतर आए। इस बीच, कुछ ने तो कैरी बैग से टमाटर निकालकर फेंकना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति के गार्ड्स ने तुरंत एक्शन में आते हुए कवर शिल्ड तैयार कर ली। इसके बाद मैक्रों वहां से सुरक्षित निकला गया, गनीमत रही कि उन्हें कोई चोट नहीं आई।

## संक्षिप्त न्यूज

### बेल्जियम से आ रहा चॉकलेट है खतरनाक, WHO ने दुनिया को दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** चॉकलेट प्रेमियों के लिए एक बुरी खबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बुधवार को कहा है कि बेल्जियम में बनने वाला एक विशेष प्रकार का चॉकलेट बेहद खतरनाक है और यह कई प्रकार के रोग पैदा कर सकता है। इतना ही ने संगठन बकायदा चेतावनी जारी करते हुए दुनिया के कई देशों में इसी हुए प्रभाव की पुष्टि भी की है और लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि बेल्जियम में बनने वाले एक चॉकलेट में सैलमोनेला नामक पाया जाने वाला जहरीला पदार्थ काफी खतरनाक है। इसके करीब 150 से ज्यादा मामले सामने आए हैं, जोकि मुख्य रूप से 11 योरोपीय देशों में हुए हैं। सैलमोनेला टाइफिम्यूरियम एक गैस्ट्रोएंटेराइटिस पैदा करने वाला रोगजनक बैक्टीरिया है।हैरानी की बात यह है कि हाल ही में मार्च में ब्रिटेन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को एक बैक्टीरियल इंफेक्शन के तेजी से फैलने के बारे में बताया। इसके बाद जब वहां जांच शुरू हुई तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पाया है कि इसी सैलमोनेला बैक्टीरिया से होने वाले फूड पॉइजनिंग के यह मामले सामने आए हैं। और फिर यही सैलमोनेला बैक्टीरिया बेल्जियम चॉकलेट में आप गए जिसकी वजह से यह फैल रहे हैं।

### पीएम मोदी का असम दौरा बोले- कभी यहां बम-गोलियों की आवाज सुनाई देती थी, आज तालियां गूंज रही हैं



**डिब्रूगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के दौरे पर पहुंच चुके हैं और यहां कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में शांति, सद्भाव और विकास रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 75,000 अमृत सरोवर का लक्ष्य लेकर आज देश आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर से इसकी शुरुआत हुई थी। अमृत सरोवर से मछली पालन में भी लाभ मिलने वाला है। 2014 के बाद नॉर्थ ईस्ट में मुश्किलें लगातार कम हो रही हैं और लोगों का विकास हो रहा है। मंच पर पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री रैली का सुरक्षा घेरा तोड़कर वहां मौजूद लोगों और बच्चों से हाथ मिलाते नजर आए। वे कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। यहां वे 7 नए कैंसर अस्पतालों की आधारशिला भी रखेंगे।मोदी ने कहा- ये सुखद संयोग है कि आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब हम इस धरती के महान सपूत लचित बोरफुकान की 400वीं जन्मजयंती भी मना रहे हैं। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रशक्ति की प्रेरणा है। कार्बी आंगलोंग से देश के इस महान नायक को मैं नमन करता हूं। पहले यहां बम और गोलियों की आवाज सुनी जाती थी और आज यहां तालियां बज रही हैं, जयकारा गूंज रहा है। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा- असम की स्थाई शांति और तेज विकास के लिए जो समझौता हुआ था, उसको जमीन पर उतारने का काम किया जा रहा है।

## गर्मी लेगी अग्निपरीक्षा : तापमान

# 48 डिग्री तक पहुंचने की आशंका




नई दिल्ली। देश के करीब 70प्रश हिस्से में भीषण गर्मी का कहर जारी है। इसकी चपेट में देश की करीब 80प्रश आबादी है। बुधवार को देश के 33 शहरों में तापमान 44 डिग्री को पार कर गया। इनमें सात शहरों में तो तापमान 45 डिग्री से भी ज्यादा रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखंड में अप्रैल के बचे तीन दिनों में तापमान लगातार बढ़ेगा।अगले तीन दिन यानी 28, 29 और 30 अप्रैल को भयंकर लू चलेगी। एक मई रविवार को संभवत: गर्मी का पीक रहेगा। रविवार को इन राज्यों के कई इलाकों में तापमान 47-48 डिग्री तक दर्ज हो सकती है। हालांकि 2 मई से तापमान कम होने की उम्मीद है। बढ़ते तापमान और हीट वेव के चलते देश के अधिकांश इलाकों में भीषण गर्मी की चपेट में आ चुके हैं. जिसके बाद मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी करते हुए संभावना व्यक्त की है कि आगामी दिनों में दिल्ली के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है. मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए भीषण गर्मी पडने् के साथ लू चलने की संभावना जताई है. मौसम विज्ञान विभाग ने देश के बड़े हिस्से में कम से कम अगले पांच दिनों तक लू चलने की संभावना जताई है, इसके साथ ही दिल्ली में यलो अलर्ट जारी किया गया है.मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार में अलग-अलग इलाकों में हीट वेव की स्थिति की संभावना है. झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंतरिक ओडिशा और गुजरात राज्य के उत्तरी भाग में भी ऐसे ही हालात रह सकते हैं. अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

# प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक दिल्ली में आज, होंगे बड़े फैसले

## सिंधिया समर्थक मंत्री से वापस ले सकते हैं एक विभाग

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी आगामी दिनों में कई बड़े फैसले करने की तैयारी में है। इसी के मद्देनजर गुरुवार को यानी आज दिल्ली में प्रदेश भाजपा कोरग्रुप की बड़ी बैठक बुलाई गई है। इसमें शिवराज कैबिनेट में फेरबदल और विस्तार पर फैसला हो सकता है। जोबट से विधायक सुलोचना रावत को मंत्री बनाया जा सकता है। सुलोचना रावत कुछ ही वक्त पहले कांग्रेस छोड़कर BJP में शामिल हुईं और फिर BJP के टिकट पर जोबट उपचुनाव भी जीता। सुलोचना आदिवासी नेता हैं, इसलिए उन्हें कैबिनेट में जगह देकर आदिवासियों को साधने की कोशिश होगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के पास दो बड़े विभाग परिवहन व राजस्व हैं। इनमें से उनसे एक वापस लिए जाने पर निर्णय हो सकता है। कैबिनेट में 4 मंत्री पद रिक्त हैं। इनमें से दो विभाग महिला एवं बाल विकास और PHE मुख्यमंत्री के पास हैं। नॉन परफॉर्मिंग मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी सूत्रों ने बताया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक में बड़े फैसले हो सकते हैं। इस दौरान सरकार, मंत्री, संगठन और प्रदेश पदाधिकारियों की परफॉर्मेंस पर मंथन होगा। यही नहीं, नॉन परफॉर्मिंग मंत्रियों की छुट्टी करने का फैसला भी लिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि जनजातीय कल्याण मंत्री मीना सिंह और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी की परफॉर्मेंस बेहतर नहीं है। लिहाजा, दोनों मंत्रियों के विभाग बदलने पर विचार हो सकता है। बैठक में जातिगत लीडरशिप डेवलप करने के लिए शाह फॉर्मूले पर निर्णय हो सकता है।







### प्रदेश संगठन के बड़े पदाधिकारी होंगे शामिल

BJP कोर ग्रु प की बैठक इसलिए भी अहम है, क्योंकि 22 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल प्रवास पर आए थे। उन्होंने प्रदेश के बड़े नेताओं व मंत्रियों की बैठक ली थी। इसके बाद अब कोर ग्रुप की बैठक दिल्ली में बुलाई गई है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और संगठन के महामंत्री हितानंद शर्मा मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी इस बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले वे गुरुवार को विदेश यात्रा पर जा रहे थे, लेकिन अब वे कोर ग्रुप के साथ बैठेंगे।

# छिंदवाड़ा नवोदय स्कूल में रैगिंग

### छात्रों ने प्रिंसिपल को लेटर लिखा, कहा- सीनियर्स कपड़े-बर्तन धुलवाते हैं, चप्पल से पीटते हैं

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के सिंगोड़ी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में रैगिंग का मामला सामने आया है। यहां 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों ने प्रिंसिपल को पत्र लिखकर सीनियर्स की करतूतें बताई हैं। उन्होंने अपने साथ हो रहे बुरे बर्ताव की जो दास्तां सुनाई है, वो हैरान कर देने वाली है। जूनियर्स के साथ हो रही रैगिंग की शिकायत उनके पेरेंट्स ने ष्ठश्वह्र से भी की है। 9वीं के छात्रों ने लेटर में लिखा, सर, मैं आपके विद्यालय में अध्ययनरत हूं। मैं 9वीं में पढ़ता हूं। मेरे साथ सीनियर्स अच्छा बर्ताव नहीं करते। मैं आपको मेरे साथ जो भी हुआ है, सारी बातें बताना चाहता हूं। मेरे सीनियर ने एक बार मुझे थाली धोने के लिए कहा। जब मैंने मना किया, तो उन्होंने मुझे दो बार गाल पर मारा। फिर एक और बार की बात है, जब सीनियर छात्र ने मुझे रात 10 बजे मेस जाकर पानी लाने के लिए कहा। उस दिन मेरा गणित का पेपर था, इसलिए मना किया तो उन्होंने चप्पल से मारा। एक बार और सीनियर छात्र ने मुझे कपड़े धोने के लिए दिए। त की है। उन्होंने बताया कि 10 छात्रों ने लेटर देकर 11वीं के तीन छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पेरेंट्स ने स्कूल कैंपस पहुंचकर हंगामा किया।





# मध्य प्रदेश में ट्रैफिक रूल तोड़ा तो भरना होगा ऑन स्पॉट फाइन

## मिलेगी कार्ड पेमेंट की सुविधा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से जुर्माना वसूलने के लिए प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों का इस्तेमाल करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (पीटीआरआई) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जी जनार्दन ने बताया कि भुगतान कार्ड (डेबिट और अन्य) के माध्यम से यातायात उल्लंघनकर्ताओं से जुर्माना वसूलने के लिए पुलिसकर्मियों को कम से कम 300 पीओएस मशीनें मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गया है।



### पुलिसकर्मियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

जनार्दन ने कहा कि बैंक भोपाल संभाग के चार जिलों और सागर संभाग के छह जिलों में जुर्माना वसूली के लिए पुलिस को 300 पीओएस मशीनें उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 1500 पीओएस मशीनों के लिए चार अन्य बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके साथ ही कर्मियों को मशीनों का उपयोग करने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगा। उन्होंने कहा, च्पीओएस मशीनें यह सुनिश्चित करेंगी कि जुर्माना संग्रह बेहतर तरीके से किया जाए और जुर्माना तेजी से वसूल किया जाए।ज् उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालयों पर एनआईसी के सहयोग से बैंक अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मशीनों को संचालित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



## महाराष्ट्र में कौन कराना चाहता है दंगे

### धुले में वाहन से 89 तलवारें व एक कटार जब्त, भाजपा नेता कदम ने उठाए सवाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस के हाथ हथियारों का बड़ा जखीरा लगा है। धुले पुलिस ने धुले में सोनगिर गांव के पास एक वाहन को पकड़ कर उसमें ले जाई जा रही 89 तलवारें व एक कटार जब्त की है। भाजपा नेता राम कदम ने धुले में हथियारों की खेप मिलने का ट्वीट करते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने सवाल किया कि महाराष्ट्र में कौन दंगे कराना चाहता है? धुले के पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार पाटिल ने बताया कि मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जब्त हथियारों का मूल्य 7 लाख रुपये से ज्यादा बताया गया है। मामले की आगे जांच जारी है। भाजपा नेता कदम ने धुले में भारी संख्या में हथियार मिलने को लेकर ट्वीट किया है।

### देवता के कोप से बचने की जुगत

## भाई के लिए बहन बनी दूल्हा, बारात ले गई, मंगल फेरे लेकर भाभी ले आई

**वडोदरा।** गुजरात के छोटा उदेपुर जिले के तीन गांवों में दूल्हे की बहन दूल्हा बनकर विवाह करने जाती है। बारात ही नहीं ले जाती बल्कि दुल्हन संग मंडप में मंगल फेरे भी बतौर दूल्हा बहन ही लेती है। रस्मों को निभाते हुए यह जोड़ा दूल्हे के गांव लौटता है। अंबाला गांव के हरिसिंग रायसिंग राठवा के बेटे नरेश का विवाह फेरकुवा गांव के वजलिया हिंमता राठवा की बेटी लीला से हुआ। इस परंपरा का अन्य आदिवासी समाज के लोग भी सम्मान करते हैं। इसलिए अंबाला से बारात दूल्हे नरेश की बहन असली ले गई।कुंवारे हैं देव, इसलिए लड़के बारात नहीं ले जातेअंबाला, सूरखेडा और सनाडा गांव के आराध्य देव भरमादेव और खूनपावा हैं। ये आदिवासी समाज के आराध्य देव भी हैं। ऐसी मान्यता है कि भरमादेव कुंवारे देव हैं। इसलिए अंबाला, सूरखेडा और सनाडा गांव का कोई लड़का बारात लेकर जाएगा, तो उसे देव का कोपभाजक बनना होता है।कोप से बचने और गांव-ग्रामीणों को बचाने के लिए दूल्हे की बहन ही बारात लेकर जाती है और मंगल फेरे लेती है।अंबाला गांव के बेसण राठवा ने बताया कि सदियों से यह परंपरा चली आ रही है। कुछ साल पहले आधुनिकता को अपनाते हुए तीन युवकों ने परंपरा में बदलाव का प्रयास किया। दुर्भाग्यवश तीनों युवक किन्हीं कारणों से चल बसे। इसलिए परंपराओं के अधीन ही विवाह हमारे गांव-समाज में होते हैं।




दिलों में जगमगाते रहेंगे यादों के दिये



मानवता की प्रतिमूर्ति, प्रकृति प्रेमी, पूर्व कैबिनेट मंत्री

श्री सत्येन्द्र पाठक जी

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

आपके आदर्श हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे

यश भारत

परिवार, मित्र एवं समस्त स्नेहीजन


# 17 साल की लड़की पर आया डाकू का दिल!

## परिवार को धमकाया- बेटी से शादी कराओ, नहीं तो मार दूंगा...

**मुरैना।** चंबल के एक डकैत का दिल 17 साल की लड़की पर आ गया है। उसने लड़की के परिवार को धमकाया है कि अगर उससे शादी नहीं कराई तो सबको जान से मार देगा। डकैत ने लड़की की मां और दादा के साथ मारपीट भी की। नाबालिग से शादी का सपना देख रहा डकैत कल्ली गुर्जर (30) है जो कि गुड्डा गुर्जर गैंग का सदस्य है। मामला मुरैना जिले के पहाड़गंज क्षेत्र के स्याही गांव का है। लड़की के दादा ने भी कह दिया कि बेटी का गला घोंट दूंगा, लेकिन तुम्हारे साथ ब्याह नहीं कराऊंगा। साथ ही परिवार ने थाने पहुंचकर कल्ली और उसके दो साथियों पर केस दर्ज कराया है।गुड्डा गुर्जर ग्वालियर-चंबल संभाग का खूंखार डकैत है। उस पर हत्या, लूट और अपहरण समेत करीब तीन दर्जन मामले दर्ज हैं। उसकी तलाश मुरैना, भिंड, ग्वालियर और शिवपुरी समेत धौलपुर (राजस्थान) पुलिस को भी है। गुड्डा पर मध्यप्रदेश व राजस्थान सरकार ने 60 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।



### बुजुर्ग से मांगा पोती का हाथ

बताया जाता है कि गिरोह के सदस्य कल्ली गुर्जर का स्याही गांव के गोपाल गुर्जर (80) के घर आना-जाना है। इसी दौरान कल्ली की नजर गोपाल की 17 साल की पोती पर पड़ी। दो दिन पहले कल्ली ने उसके सामने पोती से शादी का प्रस्ताव रख दिया, लेकिन गोपाल गुर्जर ने इनकार कर दिया। यह बात उसे नागवार गुजरी।

### लात-घूंसे और लाठियों से पीटा

कल्ली गुर्जर मंगलवार रात साथियों बंटी गुर्जर व जितेन्द्र गुर्जर के साथ पहुंचा। यहां गोपाल गुर्जर से फिर कहा कि वह उसके साथ अपनी पोती की शादी कर दे, नहीं तो उसे मार डालेगा।

# 21 हजार नल कनेक्शन ढाई लाख की आबादी !



**कटनी। आपको सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लगेगा लेकिन यह सही है। नगर निगम की ही मानें तो** शहर में 21 हजार उपभोक्ता में प्रति उपभोक्ता 135 लीटर पानी के अनुसार सप्लाई हो रही है। सवाल यह कि जब नगरनिगम के मुताबिक ही कटनी की जन संख्या भले ही 2 लाख 30 हजार है लेकिन नल कनेक्शन 21 हजार उपभोक्ताओं के पास हैं। तो मतलब जहां तहां दिखने वाले कनेक्शनों की जांच की जाए तो कई अवैध निकलेंगे। शहर के अनेक वार्ड ऐसे हैं जहां अवैध रूप से नल कनेक्शनधारी मजे में हैं वहीं बिल भरने वाले बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं।

### दो लाख तीस हजार जनसंख्या

शहर की आबादी दो लाख तीस हजार है। इस हिसाब से शहर में नल कनेक्शनों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए लेकिन शहर अभी पूरी तरह निगम पेयजल नहीं उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। शहर की आधी से अधिक आबादी बोरिंग के भरोसे है। आबादी दो लाख तीस हजार से ऊपर है। पूरे शहर में पाइपलाइन ही नहीं बिछी है। शहर सहित जिले कई क्षेत्रों में पानी जमीन से ज्यादा निकाला जा रहा है। बारिश का पानी हर हाल में भूगर्भ में पहुंचाने का प्रयास हो, तभी सुधार आएगा। शहर में वाटर हार्वेस्टिंग की स्थिति भी खराब है।

### जल सप्लाई अब न के बराबर

कटनी नदी से होने वाली जल सप्लाई अब न के बराबर ही हो रही है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में कम बारिश होने से यह हालात बने हैं। पिछले 15 दिसंबर 2021 से नगरनिगम द्वारा नलकनेक्शनों में सप्ताह चार दिवस ही सप्लाई की जा रही है। नगरनिगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 21 हजार उपभोक्ता में प्रति उपभोक्ता 135 लीटर पानी के अनुसार सप्लाई हो रही है। नगरनिगम के मुताबिक कटनी की जन संख्या भले ही 2 लाख 30 हजार है लेकिन नल कनेक्शन 21 हजार उपभोक्ताओं के पास हैं। इस हिसाब से कटनी में 135 लाख लीटर पानी की सप्लाई होती है लेकिन यह सप्लाई सप्ताह में 4 दिन ही हो रही है। कटनी नदी के बैराज की हाइट 13 मीटर हाइट है। यह करीब खाली हो गया है।

### नगर निगम का दावा

जलस्तर में कमी आने का असर यह है कि अब जल शोधन संयंत्रों के माध्यम से होजानकारी के अनुसार गर्मियों में नगरनिगम द्वारा पेयजल मुहैया करवाने के लिए विभिन्ना वार्डों में ट्यूब वेल का उत्खनन करवाया गया है। इसके अलावा टैंकरों के माध्यमों से भी जनता को पेयजल मिल रहा है। जिले में गंभीर जलसंकट की आहट फरवरी के शुरूआती सप्ताह से ही होने लगती है लेकिन इंतजाम न के बराबर दिख रहे हैं। शहर की सारी राजनीतिक पार्टियां सड़क पर पेयजल के लिए प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन जब यही सत्ता में रहती हैं तो इनके पास शहर के पेयजल कैसे मिले इसके लिए कोई योजना नहीं होती है। कटनी नदी में पानी का प्रवाह न के बराबर है। अमकुही बैराज का जलस्तर गिरने से निगम की चिंता बढ़ गई है। ने वाली पानी की सप्लाई में कटौती ही विकल्प बचा है।

## 19 वार्डों में अधिक परेशानी

शहर के 19 वार्डों में जल संकट अधिक है। यहां पर पेयजल के लिए परेशानी बढ़ी हुई है। इन्हीं वार्डों में जलप्रदाय योजना के तहत पेयजल की सप्लाई की जाती है। सीजन में बारिश कम होने व रबी सीजन में कटनी नदी से किसानों द्वारा मोटर रखकर पानी खींचे जाता है। उसका असर शहर में पेयजल संकट के रूप में दिखता है।

# पुलिस के पास कुछ नहीं ? तो..चलो चालान काटें

## और गाड़ियां चोरी की वारदात सुलझ नहीं पा रहीं



**कटनी।** कटनी पुलिस के पास जब कोई काम नहीं तो बस चालान काटने में जुट जाती है। भरी दोपहर कतिपय चुनिंदा चालान एक्सपर्ट इस काम को करने में भारी खुश नजर आते हैं अगर कोई मीडिया वाला पहुंच जाए तो समझो दिल बाग बाग। निशाना गर्मी में गरीब ही रहता है जो दूर गांव से कटनी में या तो कमाने धमाने आया हो या फिर खरीददारी की खातिर कटनी शहर आने का गुनाह किया हो। नियमों के अनुसार वाहन चलाना हम सभी का कर्तव्य है लेकिन परिस्थियों के अनुसार भी कोई कार्रवाई होनी चाहिए। बहरहाल कटनी में नियमों के खिलाफ वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने कोतवाली थाने के बाहर वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस ने दो पहिया वाहनों में तीन सवारी होने पर जुर्माना कार्रवाई की। इसके अलावा वाहनों के दस्तावेज नहीं होने पर भी चालान काटे गए। कोतवाली थाने के बाहर वाहन चैकिंग किए जाने से चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक रास्ता बदलकर जा रहे थे।पुलिस ने बताया कि बगैर लाइसेंस, बगैर रजिस्ट्रेशन, दो पहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर कार्रवाई की जा रही है। वाहनों की जांच के दौरान दस्तावेजों की जांच की गई। जिनके पास वाहन ड्रायविंग लायसेंस या फिर वाहन का रजिस्ट्रेशन या फिर अन्य जरुरी दस्तावेज नहीं थे, उसके खिलाफ चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया है।पुलिस ने करीब 20 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने वाहन चालकों को नियम के अनुसार वाहन चलाने, सभी आवश्यक दस्तावेज रखने की हिदायत भी वाहन चालकों को दी है।

# कोविड की दहशत के बावजूद लोगों में हद दर्जे की बेपरवाही

## सबसे ज्यादा चिंता बच्चों की जो स्कूल जा रहे



**कटनी।** देश में एक बार फिर कोरोना के केसों में तेजी से इजाफा हो रहा है। मध्यप्रदेश में भी कोरोना के केस बढ़ने के बाद एक बार फिर से तमाम जतन याद आने लगे हैं। हालांकि लोगों की बेपरवाही ज्यों की त्यों बनी है। कटनी में यह बेपरवाही इसलिए भी खतरनाक हो सकती है क्योंकि कटनी रेलवे का मुख्य जंक्शन है जहां से देश के अलग अलग प्रांतो से लोग आते जाते हैं। कटनी इस लिहाज से भी संवेदनशील है क्योंकि इस जिले से सट कर दो दो नेशनल पार्क भी आते हैं। बांधवगढ़ तथा पन्ना टाइगर रिजर्व इन दोनों में बड़ी संख्या में सैलानियों और तो और विदेशी पर्यटकों का भी आना जाना लगा रहता है इस सब के बाद कटनी में कोरोना की दहशत दिखाई नहीं दे रही। लोग खबरों को तो गंभीरता से देख रहे हैं लेकिन स्वयं इससे बचने का कोई प्रयास करते नजर नहीं आ रहे। देश में तेजी से फिर फैल रहे कोविड को लेकर सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे हो रहे हैं। दरअसल बच्चों को गर्मी का मौसम वैसे भी बीमारी देने वाला होता है। इसमें सर्द गर्म वाली बीमारियों का खतरा मंडारता रहता है ऐसे में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी सर्दी खांसी बुखार जैसे वायरल इन्फेक्शनइ से पहले ही पीड़ित होने लगे हैं। यहीं सर्द गर्म कोरोना को फिर से सक्रिस करने के लिए कारण न बन जाए इसे लेकर अभिभावक काफी चिंतित हैं। कोरोना को लेकर लेकर कई राज्यों ने फिर से कोरोना से संबंधित प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। दिल्ली में तो मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करेगा तो उस पर 500 रुपये का जुर्माना लगेगा। इस बीच कोरोना वायरस चिंताजनक खबर आई है कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड 2500 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा से बह रही धर्मगंगा

## इमलिया स्थित मनकामेश्वर मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा





**कटनी।** परमपूज्य ब्रम्हदेव जी महाराज, मां महाकाली एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से गर्ग परिवार द्वारा स्व. मुरलीधर गर्ग, स्व. श्रीमती कलावती गर्ग, स्व. नंदकुमार गर्ग एवं धनेन्द्र गर्ग जित्तू की पुण्यस्मृति में ग्राम पंचायत इमलिया स्थित मनकामेश्वर मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 23 अप्रैल से 30 अप्रैल किया गया है। कथा व्यास पूज्य गुरुदेव आचार्य डॉ बालेन्दु प्रसाद मिश्रा महाराज बरगढ़ वाले के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा की शुरूआत 23 अप्रैल शनिवार को कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत बैठकी एवं महात्म्य कथा के साथ हुई थी। इसी तरह 24 अप्रैल रविवार को श्री व्यास जी नारद संवाद, महाभारत कथा, भीष्म स्तुति, 25 अप्रैल सोमवार को श्री शुकदेव आगमन, कपिलोपाख्यान, ध्रुव चरित्र एवं कल 26 अप्रैल मंगलवार को श्री नृसिंह, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आज 27 अप्रैल बुधवार को श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, 28 अप्रैल गुरुवार को श्री महारास कथा, श्री कृष्ण रुकमणी कथा, 29 अप्रैल शुक्रवार को सुदामा चरित्र, कथा विश्राम, चारों धाम का हवन एवं 30 अप्रैल शनिवार को कन्या भोज, ब्राह्मण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। 7 बजे तक है। इस अवसर पर मुख्य श्रोता महेन्द्र गर्ग, श्रीमती प्रीतम देवी गर्ग, श्रीमती पिंकी धनेन्द्र गर्ग, धर्मेन्द्र गर्ग, श्रीमती सरिता गर्ग, अमित श्रीमती सुमन गर्ग, कृष्णकांत श्रीमती प्रिया गर्ग, अंकित श्रीमती शालिनी गर्ग, अजय श्रीमती सुमन गर्ग, पंकज नीलम तिवारी, प्रमोद गर्ग, श्रीमती उर्मिला गर्ग, रविशंकर गर्ग, श्रीमती सुधा गर्ग, सुरेन्द्र गर्ग, श्रीमती अंजू गर्ग, रामजी गर्ग, श्रीमती प्रभा गर्ग, जितेन्द्र गर्ग, श्रीमती संध्या गर्ग, बबलू गर्ग, श्रीमती सावित्री गर्ग, देवेन्द्र गर्ग, श्रीमती रश्मि गर्ग, कृष्णदत्त द्विवेदी, श्रीमती बबीता द्विवेदी, जितेन्द्र पाण्डे, श्रीमती सविता पाण्डे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।





# सायना किड्स स्कूल के बच्चो ने की स्विमिंग पार्टी

**कटनी।** सायना किड्स स्कूल बरगवां के बच्चों ने आज सायना इंटरनेशनल स्कूल झिंझरी जाकर स्विमिंग पार्टी में इंजॉय किया। प्ले नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी क्लास के बच्चों ने सायना स्कूल के कुशल प्रशिक्षिको एवं अपने क्लास टीचर के मार्गदर्शन में स्विमिंग की बाद में बच्चो ने डांस क्लास में जाकर डांस किया, उसके बाद बच्चों ने सायना स्कूल के मेस में जाकर लंच किया। विगत दिवस में सायना किड्स स्कूल ने मास्टर सेफ क्लासेस, समर केम्प का भी सफल आयोजन किया था। आज बच्चों के साथ सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा एवं ऋषि अरोरा, सायना किड्स की हेडमिस्ट्रेस माम् श्रीमति भारती शर्मा, टीचिंग स्टाफ पूरे समय बच्चों के साथ रहे।

# पारा फिर 43 पार



**कटनी ।** शांत पछिया हवा व शरीर जला देने वाली तेज धूप के कारण बुधवार सूरज को सिर पर आते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक गए। डीआरएम कार्यालय रोड समेत शहर की कई सड़कें सुनसान हो गई। मानों प्रशासन ले कर्फ्यू लगा दिया हो। वैसे तो सुबह से ही धूप तल्ख थी। लेकिन जैसे -जैसे सूरज चढ़ता गया। धूप और तल्ख होती चली गई। जिससे दिन के 12 बजे तक सड़कें सुनसान होने लगी। हालांकि आज का अधिकतम तापमान 37.9 रिकार्ड किया गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रिकार्ड किया गया। सापेक्ष आर्द्रता सुबह सात बजे 92, दोपहर दो बजे 44 रिकार्ड किया गया। राजेंद्र कृषि विश्व विद्यालय के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ गुलाब सिंह ने कहा कि अगले तीन दिनों में तापमान 41 डिग्री तक जा सकता है। इस दौरान 15-20 किलोमीटर की रफ्तार से पुरवा हवा चलने की संभावना है।

### किसानों के लिए जारी की गई सलाह

कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगामी 30 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। किसान बसंतकालीन मक्का, पिछ्यात प्याज, सब्जियों की पुसल उंव चारा फसलों में सिंचाई शाम के समय करें। हेगू कटनी व दौनी कार्य को प्राथमिकता दें। गर्म हवाओं से अपने बागों को सुरक्षित रखने के लिए आम लीची के बगीचों में नमी बनाएं रखें। आम के फलों पर फल मखी दिखाई पड़े तो फलका मंखी का प्रबंधन किया जा सकता है।।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 29 से
11.15, 2, 4.45, एवं रात्रि 7.30 बजे से



HEROPANTI–2 (हिंदी में)
कलाकार- टाईगर श्राफ, तारा सुतारिया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, कृति सेनन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 29 से
12.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से



KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 29 से
3.30, 6.30, एवं रात्रि 10.15 बजे से



RUNWAY-34 (हिंदी में)
कलाकार- अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रकुलप्रीत सिंह, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 29 से
12, 3 एवं सायं 6 बजे से
HEROPANTI-2
(हिन्दी में )
कलाकार- टाईगर श्राफ, तारा सुतारिया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, कृति सेनन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 28 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# बाकल में कलेक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर निराकरण कराने के दिए निर्देश



**कटनी।** बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बाकल में आयोजित रात्रि चौपाल में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायें सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले की पहली रात्रि चौपाल के आयोजन को लेकर कहा कि जिला मु यालय से बहोरीबंद क्षेत्र की दूरी अधिक होने के कारण लोग अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय नहीं पहुंच पाते थेए जिसके चलते पहली चौपाल बाकल में लगाने का निर्णय लिया गया। चौपाल में लोगों के द्वारा पेयजलए पीएम आवासए गरीबी रेखा में नाम जोड़नेए विद्युत से जुड़ी समस्यायेंए स्वास्थ्यए सिंचाई सुविधा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आवेदन दिये गये। लगभग 1 सैकड़ा आवेदनों पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने मौके पर ही सुनवाई की। चौपाल में आवेदक राम मिलन साहूए पिंकीए आशारामए कढ़ोरी बर्मनए अंगदए मूलचन्द्र सहित अन्य जनों ने पीएम आवास का लाभ दिलाने आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों की जांच करते हुये आवेदकों को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिये। उमरिया निवासी आधा दर्जन लोगों ने वार्ड नंबर 8 का ट्रान्सफार्मर खराब होने की समस्या बताई। संबंधित अधिकारियों ने कलेक्टर को जानकारी दीए कि अधिकांश लोगों के बिल जमा ना होने के कारण ट्रान्सफार्मर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिस पर उन्होने क्षेत्र में शिविर लगाकर विद्युत बिलों का निराकरण कराते हुये बिल जमा कराने के निर्देश दिये। बिजली से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी हल निकालने के निर्देश मौके पर ही कलेक्टर द्वारा दिये गये। पेयजल संकट को लेकर वार्ड क्रमांक 5ए 7 और 8 के निवासियों ने आवेदन चौपाल में कलेक्टर श्री मिश्रा को दिया। जिस पर उन्होने अधिकारियों से मौके का निरीक्षण करते हुये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बाकल के अलावा आस.पास के क्षेत्रों पेयजल संकट की समस्याओं को लेकर भी चौपाल में विस्तार से चर्चा की गई। जिस पर इस समस्या के निदान की दिशा में त्वरित कार्रवाई व कार्य करने के निर्देश दिये गये। छपरी तालाब की नहर निर्माण को लेकर ग्रामीणों के आवेदन पर कलेक्टर ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। जल्द ही कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश उन्होने संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा पतने नाला जलाशय की स्वीकृति और मसंधा तालाब निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ होने की जानकारी चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों को दी। नैंगवां तालाब में नहर निर्माण भी फॉरेस्ट एरिया में आने से निर्माण नहीं हो पाने की समस्या का कलेक्टर ने डीएफओ से चर्चा कर इसका निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा अन्य आवेदनों व मौखिक बताई गई समस्याओं को लेकर भी कलेक्टर ने मौके पर ही चर्चा कर निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### गणेश के इलाज की करायें व्यवस्था, रेडक्रॉस से 10 हजार की आर्थिक सहायता की स्वीकृति

बाकल निवासी वर्षा बर्मन ने अपने बेटे गणेश के इलाज को लेकर चौपाल में आवेदन कलेक्टर को दिया। जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल रेडक्रॉस से 10 हजार की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही सीएमएचओ को मौके पर ही बालक गणेश को ए बुलेन्स के माध्यम से जिला चिकित्सालय बुलाकर जांच कराने के लिये निर्देशित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों को बताया कि उनके सभी आवेदनों पर क्या कार्यवाही की गई हैए इसकी जानकारी एसडीएम व तहसीलदार के माध्यम से उनको दी जायेगी। चौपाल के शुरुवात में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले में बनाये जा रहे अमृत सरोवर के संबंध में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों में आमजन भी सहभागिता करे। इस दौरान एसडीएम संघमित्रा गौतम सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीए जनप्रतिनिधि व स्थानीयजन भी उपस्थित रहे।

# आज तक नहीं बनी सीसी रोड



### आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी, ग्राम पंचायत बड़गांव के शांतिनगर का मामला

**रीठी।** जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव, जो जनपद पंचायत की दूसरे नंबर की बड़ी ग्राम पंचायतों में शुमार है, यहां ग्रामीणों ने बताया कि भटवा टोला शांति नगर में आज तक सीसी रोड का निर्माण नहीं किया गया है। लोगों ने बताया कि बरसात के समय में यहां पर कीचड़ हो जाता है, जिसमें महिलाओं बुजुर्गों को तो निकलने मुश्किल होती है। विद्यालय जाने वाले छात्र.छात्राओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में भरी बरसात के दिनों में ज्यादातर विद्यार्थी घर पर ही रह जाते हैं। ग्राम पंचायत बड़गांव विकास से अभी भी कोसों दूर है। शांतिनगर भटवा के लोगों ने सीसी रोड निर्माण के लिए विधायक, सरपंच सचिव एवं जि मेदार को कईयों बार अवगत कराया, साथ ही सीसी रोड निर्माण कराने का निवेदन किया है लेकिन स्थानीय लोगों की समस्या का निदान नहीं हो सका। शांतिनगर भटवा टोला के रहवासियों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर करते हुए बडगांव मु य बस्ती से शांति नगर तक सी सी रोड़ स्वीकृत करते हुए रोड निर्माण की मांग की है।

## किसानों को पशुपालन की गतिविधियों के लिये केसीसी उपलब्ध कराएं

**कटनी।** प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु पालन की गतिविधियों के लिये किसानों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कार्यशील पूंजी हेतु अल्पकालीन ऋण केसीसी उपलब्ध कराये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। इस संबंध में उप संचालन पशु चिकित्सा सेवायें कटनी ने जिले के समस्त संबंधित अधिकारियों को जारी निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिये निर्देशित किया है।

# हनुमान मंदिर में आज शाम 7 बजे महाआरती



**कटनी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पर्यावरण प्रेमी पंडित सत्येन्द्र पाठक की पुण्यतिथि के अवसर पर संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप नगर ईकाई द्वारा आज 28 अप्रैल गुरूवार की शाम 6 बजे माधवनगर गेट के सामने हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन, महाआरती एवं कढ़ी चावल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। एसपीएफजी के नगर अध्यक्ष मनीष लालवानी ने समस्त आमंत्रित एवं स्नेहीजनों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

# लीकेज पाइप लाइन का तत्काल कराएं सुधार- कलेक्टर

**कटनी।** नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार को भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल सप्लाई के संबंध में जानकारी ली और स्थानीय जनों से संवाद भी किया। लीकेज पाइप लाइनों का सुधार कराने और खदानों से जलापूर्ति के लिए उनकी मशीनों के जरिए सफाई कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बुधवार सुबह भट्टा मोहल्ला क्षेत्र का भ्रमण किया। कावस जी वार्ड स्थित पानी की टंकी से पेयजल सप्लाई के क्षेत्रों की जानकारी ली और कॉलोनी में लीकेज पाइप लाइन का तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों से टंकी के माध्यम से होने वाली पेयजल सप्लाई व पानी की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की। अधिकारियों से नल कनेक्शनों व टंकी सफाई के संबंध में भी जानकारी ली। जिसमें अधिकारियों ने बताया कि 3 से 4 माह में टंकी की सफाई नगर निगम द्वारा कराया जा रही है।



### नालों की कराएं अच्छी तरह से सफाई

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कावसजी वार्ड के गढ्डा टोला बस्ती का निरीक्षण करते हुए यूएस मेमोरियल स्कूल के पास स्थित हैंडपंप से पानी की उपलब्धता की जानकारी ली और हैंडपंप के पास छाया के लिए टीन शेड लगाने के निर्देश दिए। पाठक वार्ड स्थित बड़े नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने नाले की अच्छी तरह से सफाई कराने और गंदगी को रोकने के उपाय करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए। गढ्डा टोला बस्ती में हैंडपंप के पास मैदान व नालियों में गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### बाईपास कटनी नदी का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा पेयजल उपलब्धता को लेकर बाईपास पुल पहुंचकर कटनी नदी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रभारी कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल पानी की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। जिसपर प्रभारी कार्यपालन यंत्री ने बताया कि टनल के वेस्ट वाटर को कटनी नदी में मिलाकर चैनल कटिंग के माध्यम से बैराज तक पानी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नदी में जमा शिल्ट को हटाने के लिए पुल निर्माण करने वाली कंपनी को सफाई कराने पत्र लिखने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान नगर निगम अधिकारी उपस्थित थे।

# रीठी बीईओ की जेडी से शिकायत

## राज्य कर्मचारी संघ ने उठाया मामला, सीनियर के होते जूनियर को सौंपा दायित्व

**रीठी।** जिले का रीठी शिक्षा विभाग एक बार फिर विवादों में है। ताजा मामला यहां बीईओ अनिल चक्रवर्ती की कुछ समय पहले की गई नियुक्ति को लेकर सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर दो-दो सीनियर प्राचार्य के होते हुए एक जूनियर प्राचार्य को बीईओ के पद का दायित्व सौंपा गया है। मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने इस मामले को उठाते सीनियर प्राचार्यों की अनदेखी और नियमों की अवहेलना को लेकर संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जबलपुर से इसकी लिखित शिकायत की है। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के सचिव धीरेंद्र सिंह ने शिकायत में बताया कि डीईओ पी पी सिंह द्वारा कनिष्ठ प्राचार्य को बीईओ का प्रभार दिया गया है, जबकि उसी विकासखण्ड में वरिष्ठ प्राचार्य 2 शिव प्रसाद दहायत खिरवाटोला में पदस्थ है। इन्हें वरिष्ठ होने पर भी प्रभार नहीं दिया और जिन्हें प्रभार दिया, उनके द्वारा प्राचार्य पद पर रहते हुये बोर्ड परीक्षा में पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनियमितताएं किये जाने पर आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल द्वारा वेतनवृद्धि रोकी गई थी। ऐसी स्थिति में वरिष्ठता की अवहेलना करते हुये दंडित प्राचार्य को बीईओ का प्रभार दिया जाना आश्चर्यजनक है। संघ की मांग है कि इन्हें तत्काल इनके मूल पद पर भेजते हुये वरिष्ठ प्राचार्य को बीईओ का प्रभार दिया जाए। संघ का यह भी कहना है कि इस सबके बावजूद डीईओ द्वारा अब तक बीईओ अनिल चक्रवर्ती को मूल शाला नहीं भेजा जा रहा है। इस पूरे मामले में डीईओ की भी संलिप्तता की चर्चाएं हैं। जिससे पूरा शिक्षा विभाग कटघरे में है।

### इनका कहना है

यह बात सही है कि रीठी बीईओ जूनियर हैं लेकिन हमें काम कराना है। कर्मचारी संघ के पास शिकायत के अलावा ओर कोई काम नहीं है।

**-पी पी सिंह, डीईओ**

मुझे जबरन इस पद की जि मेदारी सौंपी गई थी। अधिकारियों के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता, इसलिए काम कर रहा हूं। मुझे आज अलग कर दें, में यहां से हटने के लिए तैयार हूं।

**-अनिल चक्रवर्ती, बीईओ रीठी**

इसके पहले हाईस्कूल प्राचार्य ने भी इस पद पर काम किया है। अनिल चक्रवर्ती जूनियर हैं। मुझे सीनियर होते हुए बीईओ क्यों नहीं बनाया गया, यह मुझे नहीं मालूम

**-शिवप्रसाद दहायत, प्राचार्य, खिरवाटोला।**


## कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी (म.प्र.)

E-Mail cmokemore@mpurban.gov.in Phon No. 07626-272353

क्रमांक /119/ जल. प्र. शा./न.परि./2022 **//सूचना प्रकाशन//** कैमोर, दिनांक - 25/04/22

प्रशासकीय संकल्प दिनांक 30/03/2022 में पारित निर्णय अनुसार स्वच्छता उपभोक्ता एवं जल उपभोक्ता प्रभार (जलकर) की दरें अवधारित की गई हैं जो निम्नानुसार है।

**जलकर (जल उपभोक्ता प्रभार)**

| क्रमांक | जल प्रभार जलकर | पूर्व प्रस्तावित दर | वर्तमान में प्रस्तावित दर |
|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय भवनों हेतु। | 75/- प्रतिमाह। | 85/- प्रतिमाह । |
| 2 | व्यवसायिक भवनों/ इत्यादि हेतु। | 150/- प्रतिमाह। | 170/- प्रतिमाह। |
| 3 | औद्योगिक क्षेत्र/ कारखाना इत्यादि | निरंक । | 300/- प्रतिमाह। |
| 4 | शासकीय/ अर्ध शासकीय भवनों हेतु | निरंक । | 150 /- प्रतिमाह। |

**स्वच्छता उपभोक्ता प्रभार अवधारण (स्वच्छता प्रभार)**

| कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4800/- तक | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4801/- से 10,000 तक | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 10,000/- से ऊपर क्रमांक 4 को छोड़कर | कैमोर सीमेंट वर्क्स कैमोर एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लि. कैमोर तथा अन्य औद्योगिक/ व्यवसायिक हेतु। |
|---|---|---|---|
| 120 /- वार्षिक | 240 वार्षिक | 360 वार्षिक | कर योग्य संपत्ति मूल्य का 2.5 प्रतिशत या 360रू. प्रति वर्ष जो भी अधिक हो अवधारित की जाती है। |

उपरोक्त दरें वित्तीय वर्ष 2022-23 से प्रभावशील होंगी। सूचित हों।

श्री महेश मण्डलोई (प्रशासक) नगर परिषद कैमोर
रामकिंकर तिवारी (प्रभारी) नगर परिषद कैमोर
धर्मेन्द्र शर्मा (मुख्य नगर पालिका अधिकारी) नगर परिषद कैमोर


# सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की विवाह सहायता योजना में किया गया नवीन प्रावधान



**कटनी।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अन्तर्गत विवाह सहायता योजना मे 15 अप्रैल 2022 से नवीन प्रावधान लागू किये गए है, जिसके तहत मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की विवाह सहायता योजना में हितग्राहियों को समाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर विवाह करने पर ही हितलाभ प्राप्त हो सकेगा। योजना अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के प्रावधान अनुसार प्रदाय किया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार से विवाह करने पर मण्डल की विवाह सहायता योजना अंतर्गत हितलाभ की पात्रता नहीं होगी।


## कार्यालय-नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 403/रा.वि./बा.शा./2022, **आम सूचना** कटनी, दिनांक 26/04/2022

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 मध्यप्रदेश के राजपत्र में दिनांक 28 मार्च 2017 को प्रकाशित किये गये है। ऐसे शासकीय एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर तथा निजी भूमि एवं भवन के स्वामी जिनके द्वारा विज्ञापन फलक लगाने हेतु मीडिया नियम 2017 का पालन नहीं किया गया है, उन शासकीय एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर तथा निजी भूमि एवं भवन के स्वामी को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शासकीय भूमि एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर तथा अन्य स्थानों पर स्थापित विज्ञापन फलक, विज्ञापित मीडिया नियम 2017 के प्रावधानों के विपरीत होकर पूर्णतः अवैध एवं अनाधिकृत है। यह मीडिया नियम 2017 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

अतः शासकीय भूमि एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि, निजी भवन एवं भूमि के स्वामी जिनके भवन एवं भूमि तथा अन्य स्थानों पर विज्ञापन फलक स्थापित है को 07 दिवस के अंदर स्वतः अलग कर लें, अन्यथा नगर निगम द्वारा राजसात किया जावेगा एवं आने वाले संपूर्ण व्यय एवं क्षतिपूर्ति भूमि/भवन स्वामी से वसूल की जावेगी।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम कटनी**



## एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
## नि:शुल्क BMD शिविर

शनिवार, 7 मई 2022
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक

**डॉ. पंकज गुप्ता**
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां । यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है ।
नि:शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है । आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है । नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती है । 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071



## आम सूचना

समस्त आम जनता एवं वित्तीय संस्थाओं को में आर.पी.बबेले अधिवक्ता अपनी पक्षकार श्रीमती ऊषा अग्रवाल पत्नी श्री संतोष अग्रवाल निवासी जयप्रकाश वार्ड कटनी वालों की ओर से एवं उनके निर्देशानुसार सूचितकर्ताओं की मेरे पक्षकार की भूमि प.ह.नं. 14 ख.नं. 81/1 रकवा 0.63 हे. स्थित ग्राम भदौरा तहसील बड़वारा जिला कटनी में स्थित जो कटनी-बरही डामलरोड से लगी हुई जो कटनी बरही रोड पर लगभग 300 फुट लंबी की मालिक स्वामी व आधिपत्यधारी है। उक्त भूमि उत्तर में खसरा नंबर 47, 48 की भूमि वन विभाग, दक्षिण में खसरा नंबर 80, 82, पूर्व में शासकीय जमीन, पश्चिम में ग्राम मझगवां की सरहद स्थित है। मेरे पक्षकार को पता चला है कि श्रीमती आशा कोहली पत्नी श्री गिरीश कोहली एवं गिरीश कोहली अपने अन्य भूमि के साथ मेरे पक्षकार की भूमि (जिसका विवरण उपर दिया गया है।) को अपनी बताकर क्रय करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि उन्हें खसरा नंबर 81/1 रकवा 0.63 हे. भूमि के किसी भी अंश पर कोई अधिकार हक आधिपत्य प्राप्त नहीं है। मेरी पक्षकार एवं श्रीमती आशा कोहली के मध्य व्यवहार न्यायाधीश श्री द्विवेदी साहब की न्यायालय में प्रकरण क्रं. आर.सी.एस. 10/14 लंबित है। अतः कोई भी व्यक्ति उपरोक्त से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार खसरा नंबर 81/1 रकवा 0.63 हे. के संबंध में न करे अन्यथा उसे हक अधिकार हासिल नहीं होगा और उसे अनावश्यक मुकदमे में भी पक्षकार बनना पड़ेगा।


कटनी, दिनांक- 28.04.2022


भवदीय - आर.पी. बबेले, अधिवक्ता
पंजीयन क्रं. 302/91 जिला न्यायालय कटनी



From 22th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| JERSY | 12.00 PM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | JERSY | 9:30AM |
| JERSY | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 1:00 PM |
| JERSY | 7:00 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 4:15 PM |
| JERSY | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 7:30 PM |
| | | | | KGF Hindi 2D | 10:40 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# पैदल शहर भ्रमण पर निकले कलेक्टर, लोगों से संवाद कर ली जानकारी, अव्यवस्थाएं मिलने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

## लोगों से जानी समस्या, नगर निगम के अफसरों को निराकरण के दिए निर्देश

### गली-गली, घर-घर घूमकर पेयजल समस्या का लिया जायजा

कटनी। पेयजल उपलब्धता, सफाई व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का जायजा लेने मंगलवार की सुबह कलेक्टर प्रियंक मिश्रा नगर निगम के अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण पर निकले। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लोगों से संवाद कर जानकारी ली और अव्यवस्था पाए जाने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। सुबह कलेक्टर श्री मिश्रा दुगाड़ी नाला के पास सीएंडटी सेंटर पहुंचे, जहां पर घर-घर से कचरा संग्रहित कर उसे प्लांट भेजा जाता है। सेंटर में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर्स के अनुसार प्लांट की रोजाना सफाई कराने के निर्देश प्रदान किए। प्लांट मे बंद खड़ी काम्पेक्टर मशीन को लेकर भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने नाराजागी जाहिर करते हुए मशीन की मरम्मत कराने, पानी निकासी व्यवस्था सही कराने, प्लांट के आसपास के बिजली के तारों को शिफ्ट कराने, पुराने वाहनों व कबाड़ का अलग कराते हुए पौधरोपण कराने के निर्देश प्रदान किए।





### ठेकेदार को नोटिस जारी

कलेक्टर श्री मिश्रा ने वार्ड के खाली पड़े प्लाटों में जमा कचरे की सफाई कराने और हैंडपंप के आसपास गंदगी मिलने पर संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीवर लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को भी नोटिस जारी करने के निर्देश निगमायुक्त सतेन्द्र धाकरे को दिए। मुख्य मार्ग स्थित सुलभ शौचालय के निरीक्षण के दौरान स्टार्टर बंद होने की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी सहायक यंत्री को प्रदान किए। नगर में जलापूर्ति को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने इमलिया स्थित खदान का भी निरीक्षण किया और खदान को रिचार्ज करने के लिए आसपास के सोर्स को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सहित कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विवेकानंद वार्ड की गलियों में किया पैदल भ्रमण

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पेयजल आपूर्ति का जायजा लेने के लिए विवेकानंद वार्ड की गलियों का पैदल भ्रमण किया। उन्होंने दुकानदारों से पेयजल उपलब्धता, पानी आने का समय और शुद्ध पानी के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा कचरा संग्रहण के लिए आने वाले वाहनों के संबंध में स्थानीय जनों से संवाद कर जानकारी ली। स्थानीय जनों ने 30 मिनट पानी आने और टिकरिया स्कूल लाइन में पेयजल के संकट के संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा को बताया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के साथ वार्ड टिकरिया स्कूल क्षेत्र की गलियों का पैदल भ्रमण किया और नाली के अंदर से पानी सप्लाई के पाइप मिलने पर नाराजगी जाहिर की और फटकार लगाते हुए कनेक्शन नालियों से बाहर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की पानी की टंकी व जल स्त्रोतों के संबंध में जानकारी लेते हुए संकटग्रस्त स्थलों में प्राथमिकता के साथ पेयजल सप्लाई करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने टिकरिया स्कूल स्थित हैंडपंप में धूप में महिलाओं को पानी भरते देखकर स्थल पर टीन शेड की व्यवस्था कराने व हैंडपंप के पानी का प्रेशर बढ़ाने के लिए बोरिंग को प्रेशर मशीन से साफ कराने के निर्देश दिए।

### कुएं की सफाई कराई जाए



कलेक्टर श्री मिश्रा ने विवेकानंद वार्ड के पुराने कुएं का भी निरीक्षण किया और कुएं की सफाई कराते हुए उसके पानी को उपयोग लायक बनाने की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। स्थानीय जनों ने चर्चा में टिकरिया स्कूल के पास पुराने हैंडपंप का स्थल कलेक्टर को दिखाया, जिसपर उन्होंने अधिकारियों से स्थल में पानी की उपलब्धता की जांच कराते हुए हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ने वार्ड की आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया और बच्चों के संबंध में जानकारी ली। पेयजल सप्लाई के लिए टेंकरों की संख्या व पाइप लाइन की लंबाई बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा संकरी गलियों में छोटे टेंकरों के जरिए पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही एसीसी व आर्डिनेंस की बोरिंग से जलापूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# रीवा-कटनी-मुंबई ट्रेन की सौगात का स्वागत



**कटनी।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के प्रस्ताव पर पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर ने चलाई रीवा से मुंबई के लिए साप्ताहिक सुपरफास्ट गाड़ी से कटनी को मिली अनुपम सौगात। 5 वातानुकूलित 8 शयनयान 6 सामान्य 2 एसएलआरडी सहित 21 कोच की होगी गाड़ी। जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के अथक प्रयास एवं नागरिकों की जायज मांग को रेल मंत्री एवं भारतीय रेल मंत्रालय के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखा इस पर निर्णय लेते हुए रेल मंत्रालय ने रीवा-कटनी-जबलपुर होते हुए मुंबई तक यात्री ट्रेन चलाई जाने का निर्णय लिया है। जिसका कटनी जिले वासियों की तरफ से स्वागत है। तत्संबंध में विश्व रंजन मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य पश्चिम मध्य रेल जबलपुर ने पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा जबलपुर को सूचना से अवगत कराया कि रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई स्पेशल ट्रेन प्रारंभ हो रही है। विश्व रंजन मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य पश्चिम मध्य रेल जबलपुर ने पत्र के माध्यम से बताया कि आपके सुझाव पर ग्रीष्म काल में यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर रेल मंडल पश्चिम मध्य रेल द्वारा रीवा से मुंबई के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन न. 02187-88 का परिचालन आगामी गुरुवार 28 अप्रैल 2022 से होने जा रहा है यह ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरुवार को 16.55 बजे चलकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी मार्ग से मुंबई तक जाएगी। वापसी में यह स्पेशल ट्रेन अगले दिन शुक्रवार को मुंबई से दोपहर 13.30 बजे उक्त मार्ग से चलकर दूसरे दिन रीवा सुबह 07.50 वापस पहुचेगी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन को मुख्यालय पमरे के पत्र क्रमांक ह्रुष्ट्रद्धछ्वक्क/अ-537/ह्रुष्ट्र स्श्चद्य. छ्रुह्वद्धस्र 25.4.2022 द्वारा प्रत्येक दिशा में 10 ट्रिप रेल सेवा के लिए 30 जून 2022 तक अनुमोदित किया गया है जिससे ग्रीष्मकाल में यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सके। इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी अनारक्षित तथा आरक्षित श्रेणी के वातानुकूलित प्रथम, दिव्तीय, तृतीय सहित शयनयान श्रेणी के कुल 20 डिब्बे रहेगे। इस ट्रेन में अग्रिम आरक्षण की सुविधा 26.4.2022 से प्रारंभ हो जाएगी।

**सांसद विवेक तन्खा की मेहनत रंग लाई**

# सायना में पदरोहण समारोह का समापन

### प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा की उपस्थिति में हुआ गरिमामय कार्यक्रम




**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में पदरोहण समारोह उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल का मुख्य कक्ष पूर्णतः सुसज्जित था जिसमें विद्यार्थियों के स्वागत को आतुर थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा का स्वागत समन्वयक डा. लोकेश दुबे, कमल सरेचा एवं रीत मोंगा ने किया। प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि ऋषि अरोरा सहित अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं भी इस महत्त्वपूर्ण पल के साक्षी बने। छात्राओं ने पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन के साथ हुआ। तदोपरांत पदारोहण समारोह का श्री गणेश किया गया।




कार्य का विकेन्द्रीयकरण एवं सहभागिता की भावना को ध्यान में रखते हुए स्कूल के बच्चों को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ देते हुए सायना के प्राचार्य ने स्कूल हैड बॉय राजीव रत्न गौतम, हैड गर्ल गुरजस कौर लाम्बाए स्पोर्टस कैप्टन अभिजॉय कश्यप, वाइस स्पोर्टस कैप्टन तुलसी पटेल, स्कूल कौंसिल सचिव लक्ष्य नारा, सांस्कृतिक सचिव अनुष्का अग्रवाल, एमरल्ड हाउस प्रीफेक्ट जिया छत्वानी एवं कैप्टन दुष्यंत सिंह, रूबी हाउस प्रीफेक्ट हर्ष मोंगा एवं कैप्टन शौर्य उपाध्याय, टोपज़ हाउस प्रीफेक्ट अंश जयसवाल एवं कैप्टन तनु कुमारी एवं सफायर हाउस प्रीफेक्ट गिरीश बलानी एवं कैप्टन शाम्भवी सिंह को मनोनीत किया। वहीं हॉस्टल कैप्टन की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए अलका गुप्ताए लक्ष्यदेव सिंह एवं अमन प्रताप सिंह का मनोनयन किया गया। एनसीसी मेजर की जिम्मेदारी मास्टर राजदीप सिंह परिहार को दी गई। पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि एवं समन्वयकों द्वारा बैच प्रदान कर कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सायना के प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। साथ ही विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन अति आवश्यक हैए इसके बिना विद्यार्थी जीवन अधूरा है। अतः कर्तव्य पालन करते हुए भी अनुशासन भंग न हो। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ। स्कूल हैड बॉय एवं हैड गर्ल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहाना बासु ने किया।

# बाल विवाह रोकने एसडीएम की अध्यक्षता में किये गये दल गठित

### विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश जारी किए गऐ है। बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में दल का गठन किया गया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदस्य एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सदस्य सह सचिव होंगे। गठित दल विशेष रूप से 3 मई अक्षय तृतीया के अवसर पर निगरानी एवं बाल विवाह् रोकथाम का कार्य करेंगे। बाल विवाह रोकथाम हेतु विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। शिक्षा विभाग द्वारा बिना प्राचार्य को सूचना लम्बे समय से विद्यालय से अनुपस्थित बालकों एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोर बालक- बालिकाओं की सूची तैयार कर बाल विवाह रोकथाम हेतु सतत निगरानी, सघन जांच एवं परिवारिक परामर्श प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ज़िलें के समस्त नागरिकों से बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। बाल विवाह न करें, न होने दें। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098, अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, निकटतम पुलिस थाने अथवा महिला एवं बाल विकास कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते है। आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

बाल विवाह कानूनन एवं सामाजिक अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं मध्यप्रदेश बाल विवाह प्रतिषेध नियम 2007 के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के बालक एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह, बाल विवाह कहलाता है, एवं कानूनी अपराध है। अधिनियम अन्तर्गत बाल विवाह करवाने वाले, जिसमें माता-पिता, संरक्षक, रिश्तेदार, बाल विवाह में सेवाएं देने वालों सेवा प्रदाता जैसे-पंडित, मौलवी, पादरी, कैटरर्स, हलवाई, प्रिंटिंग प्रेस, घोड़े वाले एवं विवाह में सम्मिलित होने वालों को भी दोषी माना जाता है एवं इसमें एक लाख रूपए का जुर्माना और 2 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

### डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा को सौंपा गया एसडीएम विजयराघवगढ़ का अतिरिक्त प्रभार

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा को अपने कार्य के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी तहसील विजयराघवगढ़ एवं तहसील बरही का प्रभार सौंपते हुये आदेश जारी किया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा को प्रशासक नगर परिषद कैमोर एवं नगर परिषद बरही का कार्यभार भी सौंपा गया है। अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी तहसील विजयराघवगढ़ एवं तहसील बरही महेश मण्डलोई के 18 अप्रैल से 12 मई तक स्वीकृत अर्जित अवकाश में जाने के कारण यह आदेश जारी किया गया है।

# नगर निगम प्रशासन ने 6 स्थलों पर खुलवाए प्याऊ

**कटनी।** वर्तमान मे पड़ रही गर्मी को दृष्टिगत रखनें हुए जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न प्रमुख



स्थलों में नगर एवं बाहर से आने वाले लोगों, राहगीरों को पीने के पानी हेतु भटकना न पडे इस हेतु शीतल पेयजल की व्यवस्था प्याऊ के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सहायक यंत्री अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के 6 प्रमुख स्थलों मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुडवारा रेल्वे स्टेशन के पास, बस स्टेण्ड स्थित यात्री प्रतीक्षालय, सुभाष चौक देश भंडार के सामने, पुरानी कचहरी के बाहर तथा नगर निगम गेट के बाहर सार्वजनिक प्याऊ के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है ताकि आमजन को इस भीषण गर्मी में पेयजल हेतु भटकना न पडे। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने आगामी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य स्थलों में भी आवश्यकतानुसार और भी प्याऊ खोलनें के निर्देश प्रदान किये है।

# शहर को स्वच्छ बनाने दो पालियों में कार्य कर रहे स्वच्छता दूत







**कटनी।** नगर निगम द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्गित रखते हुए रोजाना दो शिफ्ट में नगर की सुचारू सफाई के प्रयास किये जा रहे है। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण एवं नगर के विभिन्न कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास अनवरत जारी है। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालो पर जुर्मानें की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है।

रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के के तहत विगत दिवस बस स्टेण्ड परिसर, नदी पार मुख्य मार्ग, बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गो माधवनगर स्थित डायमंड स्कूल मार्ग, कैरन लाईन, कुंदन दास स्कूल के पास सहित अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया गया। प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड, कुठला मुख्य मार्ग, चांडक चौक, मिशन चौक, के.सी.एस स्कूल प्रांगण, रधुनाथ गंज वार्ड झंडा बाजार, बताशा गली, सिटी चौपाटी परिसर, अंबेडकर वार्ड मुख्य मार्ग, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, बरगवां मुख्य मार्ग, रंगनाथ मंदिर प्रांगण, राम कृष्ण परमहंस वार्ड मुख्य मार्ग, जालपा देवी वार्ड मुख्य मार्ग सहित विभिन्न गलियों, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न स्थिलों ,कावसजी वार्ड शमशान भूमि रोड, छपरवाह स्थित रोड के किनारे लेबलिंग का कार्य सहित अन्य स्थलों की सफाई व्यवस्था के साथ ही गल्ला मंडी गेट, नदीपार मुख्य मार्ग, मिशन चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने के डिवाईडरों की सफाई का कार्य कराया गया।

नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत महात्मा गांधी वार्ड स्थित बडा नाला, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित बाबली टोला, मरही माता मंदिर रोड की नालियों, जालपा वार्ड की विभिन्न गलियों, वीर सावरकर वार्ड स्थित शंभू टॉकीज मार्ग की नालियों की जे.सी.बी मशीन से सफाई का कार्य, मंगल नगर पुलिया, विवेकानंद वार्ड मुख्य मार्ग मेंहदी बंगला मार्ग की नालियों, लखेरा डॉ डी. शंकर के सामनें, शास्त्री चौक से जयहिंद चौक तक की नालियों, की सफाई, ग्राम पंचायत चौराहा, संत कवरराम वार्ड स्थित सिविल लाईन की चोक नाली के जाम की सफाई का कार्य कराया गया।

## अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई सवालों के घेरे में

# पुत्र की बजाए पिता के घर पर चला बुल्डोजर

**सावरकर वार्ड का मामला, दो हजार वर्गफीट पर बिना नक्शा स्वीकृत कराए बना था मकान**





**कटनी।** सावरकर वार्ड में बुधवार की दोपहर जिला प्रशासन द्वारा एक मकान पर बुल्डोजर चलाकर की गई कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। प्रशासन का कहना है कि जिस मकान पर बुल्डोजर चलाया गया है, वह अपराधी रवि निषाद का घर है और यह भवन अवैध रूप से बनाया गया था जबकि जिस समय यह कार्रवाई की जा रही थी कि उस समय रवि निषाद की दादी ने प्रशासन के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा था कि यह मकान रवि का नहीं है, मेरा है, वह अपने माता-पिता के साथ कहीं ओर रहता है, इसके बावजूद प्रशासन ने महिला की एक नहीं सुनी और घर पर बुल्डोजर चलाते हुए उसे ढहा दिया। उधर इस पूरे मामले में यह बात निकलकर सामने आई है कि उक्त भवन के निर्माण के पहले नक्शा पास नहीं कराया गया था, जिस पर इसे अवैध निर्माण बताते हुए ढहा दिया गया। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर के निर्देश पर अवैध निर्माण पर प्रशासन द्वारा बुल्डोजर चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को राजस्व, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने सावरकर वार्ड में बिना अनुमति बने अवैध भवन को बुल्डोजर से ढहा दिया। सावरकर वार्ड निवासी रवि निषाद पिता संतु निषाद द्वारा बिना अनुमति अवैध भवन निर्माण किया गया था। जिस पर नगर निगम ने रवि को नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 307-2 के तहत दो बार नोटिस थमाया। रवि के खिलाफ कोतवाली थाना में 354-डी, आईपीसी 11, 12 पाक्सो एक्ट 3-1 डब्ल्यू, 3-2 वी, एससी, एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। नोटिस के बाद भी रवि ने कब्जा नहीं हटाया। जिस पर एसडीएम प्रिया चंद्रावत की मौजूदगी में प्रशासन ने अवैध निर्माण को जेसीबी से गिराने की कार्रवाई की।

### इनका कहना है

शासकीय अभिलेख में यह मकान संतू निषाद एवं निराशा बाई निषाद के नाम पर दर्ज है और इसी मकान में संतू निषाद का लड़का रवि भी रहता है, जो कि अपराधी है। नगर निगम द्वारा बताया गया था कि उक्त मकान अवैध है, जिस पर यह कार्यवाई की गई है।

**-संदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार कटनी**

सावरकर वार्ड में जिस मकान को गिराया गया है, उसका नगर निगम से नक्शा पास नहीं था। मकान मालिक को कई बार नोटिस जारी किया गया, जिसका जबाव नहीं दिया गया। जिस पर कल अवैध भवन को गिराने की कार्यवाही की गई है।

**-राकेश शर्मा, प्रभारी कार्यपालन यंत्री, नगर निगम**

### नोटिस का जवाब नहीं देने पर कार्रवाई

प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि सावरकर वार्ड में हेमा पब्लिक स्कूल के पास रवि निषाद द्वारा बिना अनुमति अवैध भवन का निर्माण किया गया था। जिस पर रवि निषाद को मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 307-2 के तहत 23 मार्च को सूचना पत्र जारी किया था। उसके द्वारा सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर 19 अप्रैल को अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया। इसके बाद आरोपी के लगभग 2000 वर्ग फीट भूमि पर किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

### और भी हैं अवैध निर्माण, इन पर नजरें इनायत क्यों नहीं करता प्रशासन

सावरकर वार्ड में बिना नक्शा पास कराए गए बनाए गए भवन को कल जिला प्रशासन एवं नगर निगम की टीम ने बुल्डोजर से ढहा दिया। इस कार्रवाई के बाद अब सवाल किया जा रहा है कि शहर में ऐसे कई अवैध निर्माण है, जहां नगर निगम की कार्रवाई केवल नोटिस तक ही सिमटकर रह गई है। इन अवैध निर्माण को हटाने में नगर निगम के अधिकारी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। माधवनर स्थित डल्बी होटल सहित अन्य कई ऐसे कॉप्लेक्स एवं निर्माण है, जिन पर कार्यवाही लंबित है।



# स्कूल का नहीं खुला ताला घर वापस चले गए बच्चे

### प्राथमिक शाला भटवा टोला शांतिनगर का मामला

**8 बजे तक नहीं पहुंचे शिक्षक, शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप**

**कटनी/रीठी।** पिछले दिनों जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा एक स्कूल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के साथ ही स्टाफ नदारत मिला था, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस देने की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद स्कूलों में सुधार देखने को नहीं मिल रहा। ताजा मामला आज उस समय सामने आया, जब रीठी तहसील के अंतर्गत बड़गांव संकुल केन्द्र के अंतर्गत प्राथमिक शाला शांतिनगर में बच्चे स्कूल पहुंच गए लेकिन स्कूल का ताला ही नहीं खुला। 8 बजे तक शिक्षक नहीं पहुंचने के कारण बाहर विद्यार्थी शिक्षकों का इंतजार करते रहे और फिर घर वापस चले गए। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के चलते प्रशासन ने विद्यालयों का समय सुबह 7 बजे से 12 बजे तक कर दिया है, ताकि भीषण गर्मी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर असर न हो। छात्रों ने बताया कि 8 बजे तक विद्यालय के ताले नहीं खुले, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां शिक्षक मनमर्जी से आते हैं और चले जाते हैं। लोगों ने बताया कि यहां एक शिक्षक दो शिक्षिका पदस्थ हैं, जिसमें 1 शिक्षक कुछ दिनों से छुट्टी पर चल रहे। बड़गांव के भटवा टोला की शांतिनगर शाला की स्थिति देखकर इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि रीठी जनपद शिक्षा केन्द्र सहित बड़गांव संकुल स्थित प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय में इस तरह की मनमानी चल होगी।

# कल आएगा दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं का रिजल्ट कल 29 अप्रैल को 1 बजे घोषित किया जा रहा है, इसके साथ ही हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक, विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई, शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाएगे। विद्यार्थी एमपीबीएसई मोबाइल ऐप और विभिन्न पोर्टल पर परीक्षा परिणाम जान सकेंगे। मप्र शासन के स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री परिणाम घोषित करेंगे। मोबाइल ऐप पर परिणाम जानने के लिए गूगल स्टोर पर पर एमपीबीएसई या एमपी मोबाइल एप डाउनलोड करते हुए परीक्षा परिणाम जान सकेंगे। विदित हो कि दसवीं कक्षा की परीक्षा 17 फरवरी से 12 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 18 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित हुई थी। इन परीक्षाओं में कटनी जिले में करीब 30 हजार छात्र सम्मिलत हुए थे। जिसमे कक्षा दसवीं के 18 हजार 922 और कक्षा बारहवीं के 11 हजार 623 छात्र शामिल हैं।

### इस तरह जान सकेंगे रिजल्ट

परीक्षा परिणाम www.mpresults.nic.in, https://mpbse.mponline.gov.in, www.mpbse.nic.in, www.jagranjosh.com, https://www.fastresult.in, www.examresults.net, www.examresults.net/mp पर उपलब्ध होंगे। मोबाइल ऐप पर परिणाम जानने के लिए गूगल स्टोर पर पर एमपीबीएसई या एमपी मोबाइल एप डाउनलोड करें। Know Your Result का चयन करने के बाद अपना अनुक्रमांक तथा आवेदन क्रमांक प्रविष्ट कर परीक्षा परिणाम जान सकेंगे।

### खेल मैदान में तब्दील हुआ तालाब



ग्राम हिरवारा हनुमान मंदिर के पीछे स्थित तालाब भीषण गर्मी के चलते अब पूरी तरह से सूख गया है। यहां अब सुअर लोट रहे हैं और चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य है। तालाब सूखने के बाद अब गांव के लोगों को निस्तार के लिए भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में तालाब का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

# वंशरुप वार्ड की उचित मूल्य दुकान तत्काल प्रभाव से निलंबित

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बाबू वंशरुप प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं उपभोक्ताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये महात्मा गांधी वार्ड में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आदर्श महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार दुकान में संलग्न कर उसी वार्ड में दुकान संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। ईश्वरीपुरा वार्ड स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान बाबू वंशरुप प्राथ्मिक उपभोक्ता सहकारी भंडार के विक्रेता अभिषेक तिवारी द्वारा दुकान समय पर ना खोलनेए हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण नहीं करने व अन्य अनियमितताओं के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रतिवेदन में अनियमितता प्रमाणित होने व पूर्व में दर्ज प्रकरण में समाधानकारक उत्तर ना प्रस्तुत करने के फलस्वरुप संबंधित दुकान के निलंबन की कार्यवाही की गई है।


**प्रथम पुण्य स्मरण 28.04.2022**



नैनं छिन्दति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः
न नैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः
हम परिवार के प्रिय

स्व. श्री सत्येन्द्र आनन्द (डिम्पे)

आपकी संघर्ष क्षमता, परोपकारी, सरल मृदुभाषी स्वभाव व अद्वितीय नेतृत्व क्षमता सदैव प्रेरणादायक यादें रहेंगी।

विनम्र- चरनजीतलाल आनन्द (पिता)

श्रद्धावनत- श्रीमति निशा आनन्द (रिप्पी) (धर्मपत्नी), कपिल आनन्द (पुत्र), श्रीमति नेहा-संजय (हरीश) आनन्द (बड़े भैया-भाभी), श्रीमति शिल्पी-धर्मेन्द्र आनन्द, श्रीमति सरिता-पुष्पेन्द्र आनन्द (भाई-बहु),देवांश, देवेश, शौर्य (भतीजे), हर्षिता, यश्वी, सौम्या (भतीजी), श्रीमति रेनु-नवनीत कोहली, श्रीमति सुनीता-प्रशांत आनन्द, श्रीमति भावना-अमित भसीन (बहन-बहनोई)

फर्म- सत्यम रेस्टारेन्ट, शांतिनगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी कटनी, आदित्य ट्रांस्पोर्ट सर्विस, श्री चानशा कंस्ट्रक्शन झिंझरी कटनी, साई ट्रेडर्स, आनन्द आटो पार्टस, कटनी

**आवश्यकता है**

ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी। संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी मो. 9009767272

**रत्ना गार्डन**



मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क:- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-

**JOHNSON**® Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाइट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित

**श्रीमद् भागवत कथा**



शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

**आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन**

**एडवांस्ड** सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर



-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीएशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

**PRE. REGISTRATION साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**प्लॉट बिकाऊ है**

समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें। मो. 9993705740

**श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स**



हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में...
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

**HOTEL GRAND MERIDIAN**



Facilities: Luxury Rooms, Banquet Hall, Conference Hall, Free Wifi, Cinema, Restaurant, Bar, Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)